# LALITPUR POLICE

## प्रेस नोट

दिनांक -09.11.2023

## ललितपुर पुलिस द्वारा गिरे / खोये हुये 121 मोबाइल फोन बरामद किये गये जिनकी अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये।

**◆देश के कई राज्यों व उत्तर प्रदेश के अलग -अलग जिलों के विभिन्न स्थानों से कुल-121 अदद गिरे/खोये मल्टीमीडिया मोबाइल सेट बरामद**

**◆बरामद मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रूपये**

**◆पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा पुलिस लाइन में बरामद मोबाइलों को उनके स्वामियों को किया गया वितरित**

**◆अपना खोया हुआ मोबाइल पाकर लोगों के खिल उठे चेहरे**

**◆ललितपुर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए ह्रदय से दिया धन्यवाद**

**◆पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को किया गया पुरस्कृत**

श्री मो0 मुश्ताक, पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त खोये/गिरे मोबाइलों से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए सर्विलांस टीम/ थानों पर गठित टीम द्वारा गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी हेतु अभियान चलाया गया था।उक्त अभियान के अनुपालन में सर्विलांस टीम/थानों पर गठित टीम के अथक प्रयास से अलग अलग राज्यो एवं उत्तर प्रदेश के अलग- अलग जिलो से विभिन्न कम्पनियों के कुल 121 अदद मल्टीमीडिया मोबाइल सेट कीमत लगभग 15 लाख रूपये बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है।

धन्तेरस पर्व के पूर्व शुभ अवसर पर आज दिनांक 09.11.2023 को श्री मो0 मुश्ताक , पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा पुलिस लाइन में बरामदशुदा मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया।

**<u>कुल बरामदगीः-</u>**

121 अदद मल्टीमीडिया मोबाइल सेट कीमत लगभग-15 लाख रूपये।

**<u>मोबाइल बरामद करने वाली टीम का विवरण-</u>**

1.उ0नि0 सतीश कुशवाहा प्रभारी सर्विलांस जनपद ललितपुर,

2.हे0का0 जिनेन्द्र 3.हे0का0 प्रशान्त कुमार 4. का0 रोहित कुमार

सर्विलांस सेल जनपद ललितपुर ।